● क्राइम...

## गबन का आरोप

**ऊना :** ऊना के साथ लगते अरनियाला स्थित एक लिमिटेड कंपनी के कर्मचारी पर करीब डेढ़ लाख रुपये की किश्तें गबन करने का आरोप है। इसको लेकर कंपनी के मैनेजर ने पुलिस के पास शिकायत दी है। शिकायत में मैनेजर में 40 महिलाओं से करीब डेढ़ लाख रुपये की किश्तें लेकर कंपनी खातें में जमा न करवाकर गबन करने की बात कही है। पुलिस ने मैनेजर की शिकायत पर कर्मचारी के खिलाफ मामला दर्ज कर जांच शुरू कर दी है।

पुलिस को दी शिकायत में कंपनी के सर्किल के मैनेजर मदन खन्ना ने बताया कि बलजीत सिंह निवासी जिला फाजिल्का पंजाब ऊना शाखा में करीब एक वर्ष से कार्य कर रहा है। बलजीत सिंह ग्राहकों को ऋण देने से संबंधित सभी कार्य एवं दिए गए ऋण की किश्तों की वसूली का कार्य करता था। आंतरिक अंकेक्षण के दौरान सामने आया कि बलजीत सिंह ने 1 दिसंबर 2023 से 27 फरवरी 2024 तक 40 महिला ग्राहकों से लोन की 1,51,190 रूपये किश्त वसूल कर कंपनी के बैंक खाते में जमा न करवाकर राशि का गबन कर लिया। इससे पूर्व ऊना शाखा के वरिष्ठ सर्किल मैनेजर और सर्किल मैनेजर कर्मचारी बलजीत सिंह से संपर्क करने की कोशिश कर रहे हैं, लेकिन उसका फोन बंद पाया जा रहा है और ना ही उसने हमारे से कोई आज तक संपर्क किया।

## लोकतंत्र बचाने को लड़ रही कांग्रेस

**मंडी :** कांग्रेस लोकसभा चुनाव संविधान की रक्षा और लोकतंत्र को बचाने के लिए लड़ रही है, जबकि भाजपा नेता दस साल की कोई उपलब्धि जनता के सामने नहीं रख पा रहे हैं। कांग्रेस के मंडी संसदीय क्षेत्र के ऑब्जर्वर संजय दत्त ने सुंदरनगर में कहा कि कांग्रेस ने मंडी संसदीय क्षेत्र से सशक्त उम्मीदवार विक्रमादित्य को चुनावी मैदान में उतारा है, जिनके पास इस क्षेत्र के विकास व अन्य मुद्दों को लेकर एक विजन है, जबकि भाजपा प्रत्याशी कंगना के पास कोई विजन नहीं है। संजय दत्त ने कहा कि भाजपा महिला हितैषी होने के ढोंग करती है, जबकि इनका असली चेहरा कुछ और ही है। भाजपा नेताओं की ओर से ऐसे लोगों को टिकट दिए गए जहां उन पर महिलाओं पर अत्याचार के आरोप हैं और प्रधानमंत्री उनका प्रचार करते हैं। कंगना स्वयं एक महिला हैं ऐसे मामलों पर उन्हें भी महिलाओं की आवाज को उठाना चाहिए।

● आश्वासन...

# शकराला और शनान के बीच बनेगा बेली ब्रिज, काम शुरू...



**शिमला।** शकराला और शनान के बीच बेली ब्रिज का निर्माण शुरू हो गया है। 588 मीटर लंबा विश्वस्तरीय सस्पेंशन ब्रिज के निर्माण के लिए पेड़ों को काट लिया गया है। लगभग 300 करोड़ से सस्पेंशन ब्रिज का निर्माण किया जा रहा है। ढली-कैथलीघाट फोरलेन के दूसरे चरण में शकराला से ढली-मशोबरा जंक्शन तक 11 किलोमीटर फोरलेन का निर्माण 2070 करोड़ रुपये से किया जा रहा है। बेली ब्रिज आकर्षण का केंद्र होगा। बेली ब्रिज आधे किलोमीटर से ज्यादा लंबा और 26.9 मीटर चौड़ा होगा। यह पुल जमीन से 240 मीटर की ऊंचाई पर होगा। बेली ब्रिज को स्टील की तारों से सहारा मिलेगा। इसके अलावा दोनों किनारों पर स्टील की रेलिंग भी होगी।

शकराला में अभी पुल को बनाने के लिए मशीनें लाई जा रही हैं। वन विभाग ने पेड़ों को काटने का काम पूरा कर लिया है। फिलहाल पहाड़ी के पास नींव बनाने का काम किया जा रहा है। शकराल के पास लगभग 150 मजदूर निर्माण कार्य पर लगे हुए हैं। निर्माण स्थान पर 25 पोकलेन और 10 मिक्सर काम में लगाए गए हैं। मौके पर मौजूद कंपनी के प्रोजेक्ट प्रबंधक जितेंदर ने बताया कि अभी खोदाई करके मशीनें निर्माण स्थान तक पहुंचाने का काम किया जा रहा है।

ढली से कैथलीघाट तक दूसरे पैकेज में 28.45 किलोमीटर लंबे फोरलेन पर 3,914.77 करोड़ रुपये खर्च होंगे। फोरलेन बनने से ढाई घंटों में शिमला से चंडीगढ़ पहुंचा जा सकेगा। फोरलेन का निर्माण पूरा होने से शिमला में पर्यटन बढ़ेगा। इसके अलावा सेब कारोबार के लिए भी फोरलेन संजीवनी साबित होगा। एनएचएआई के परियोजना निदेशक आनंद कुमार दहिया ने कहा किअपनी प्रतिक्रिया व्यक्त करें कैथलीघाट से ढली तक फोरलेन का 20 प्रतिशत निर्माण कार्य पूरा हो गया है। 2026 तक काम पूरा करने का लक्ष्य है। निर्माण कंपनियों को कार्य में तेजी लाने के निर्देश दिए गए हैं।




# जो आयात शुल्क 100 फीसदी करेगा, उसी पार्टी को देंगे वोट

मंच अपना 6 सूत्री मांगपत्र राजनीतिक दलों और प्रत्याशियों को सौंपेगा। मंच के संयोजक हरीश चौहान और सह संयोजक संजय चौहान ने कहा है कि पिछले 10 सालों से हिमाचल के किसी भी सांसद ने किसान-बागवानों का कोई मुद्दा सदन में नहीं उठाया।

**विदेशों से आयातित सेब ने हिमाचल बागवानों की आर्थिकी चौपट कर दी लेकिन भारत सरकार अंजान बनी रही...**

● संजू/शिमला

सेब पर आयात शुल्क 100 फीसदी करने वाली पार्टी को ही संयुक्त किसान मंच लोकसभा चुनावों में समर्थन देगा। 28 किसान-बागवान संगठनों के संयुक्त संगठन संयुक्त किसान मंच ने शिमला में आयोजित राज्य स्तरीय बैठक में यह फैसला लिया। मंच अपना 6 सूत्री मांगपत्र राजनीतिक दलों और प्रत्याशियों को सौंपेगा। मंच के संयोजक हरीश चौहान और सह संयोजक संजय चौहान ने कहा है कि पिछले 10 सालों से हिमाचल के किसी भी सांसद ने किसान-बागवानों का कोई मुद्दा सदन में नहीं उठाया। विदेशों से आयातित सेब ने हिमाचल बागवानों की आर्थिकी चौपट कर दी लेकिन भारत सरकार अंजान बनी रही।

कहा कि जिला हमीरपुर के सुजानपुर टीहरा में प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी और सोलन रैली में राजनाथ सिंह ने सेब पर आयात शुल्क 100 फीसदी करने का वादा किया पर निभाया नहीं। अमेरिकी सेब पर आयात शुल्क 70 फीसदी से घटा कर 50 फीसदी करने से हिमाचली सेब की मांग खत्म हो गई है। हमारी मांगों की अनदेखी करने वालों को गांवों में नहीं घुसने दिया जाएगा, जो मांगें मानेंगे उनके समर्थन में गांव-गांव जाकर प्रचार करने से भी नहीं चूकेंगे। बैठक में सेब उत्पादक संघ से सोहन ठाकुर, पीजीए से आशुतोष चौहान, स्टोन फ्रूट ग्रोवर एसोसिएशन से दीपक सिंघा, किसान सभा से कुलदीप सिंह तंवर के अलावा राजिंदर चौहान, प्रताप चौहान, जय सिंह जेहटा सहित अन्य प्रतिनिधियों ने भाग लिया।

**ये हैं छह मांगें**

- फसलों पर स्वामीनाथन आयोग के अनुरूप C2+50% एमएसपी कानूनी रूप से लागू हो
- सेब व अन्य फलों पर आयात शुल्क कम से कम 100 प्रतिशत किया जाए
- केंद्र सरकार मंडी मध्यस्थता योजना के बजट में की कटौती वापस लेकर बागवानों का बकाया भुगतान हो
- खाद, बीज, कीटनाशक, फफुंदीनाशक, कृषि उपकरण सहित लागत वस्तुओं पर अनुदान कटौती बंद करो
- कृषि-बागवानी में इस्तेमाल होने वाली लागत वस्तुओं व पैकेजिंग सामग्री पर जीएसटी खत्म हो
- किसानों व बागवानों का कर्ज माफ किया जाए।

## एडवाइजरी काउंसिल की अध्यक्ष बनीं नड्डा


**बिलासपुर :** स्पेशल ओलंपिक भारत की अध्यक्ष डॉ. मल्लिका नड्डा को अंतरराष्ट्रीय स्तर पर एक और महत्वपूर्ण दायित्व मिला है। उन्हें स्पेशल ओलंपिक एशिया पैसिफिक ने एडवाइजरी काउंसिल (एपीएसी) की अध्यक्ष बनाया है। डॉ. मल्लिका नड्डा एशिया पैसिफिक रीजन के 35 देशों का प्रतिनिधित्व करेंगी। डॉ. मल्लिका नड्डा पिछले 30 साल से अधिक समय से दिव्यांगता के क्षेत्र में कार्य कर रही हैं। वर्ष 1991 में भाजपा के वर्तमान राष्ट्रीय अध्यक्ष जगत प्रकाश नड्डा के साथ परिणय सूत्र में बंधने के बाद उन्होंने बिलासपुर में चेतना संस्था की नींव रखी थी। यह संस्था दिव्यांगजनों के साथ ही महिला सशक्तीकरण एवं युवाओं के व्यक्तित्व विकास की दिशा में भी कार्यरत है।



चेतना संस्था में दो बच्चों के साथ शुरू किए स्पेशल स्कूल (डे-केयर सेंटर) में वर्तमान में बच्चों की संख्या 200 पहुंच गई है। अब तक लगभग 1500 दिव्यांग बच्चे इस स्कूल से शिक्षा और प्रशिक्षण ले चुके हैं। इनमें से लगभग 500 बच्चे अलग-अलग क्षेत्रों में काम कर रहे हैं। वर्ष 2002 में स्पेशल ओलंपिक भारत हिमाचल प्रदेश की शुरुआत करके डॉ. मल्लिका नड्डा ने पहली बार स्नो स्पोर्ट्स और विंटर गेम्स के आयोजन के माध्यम से दिव्यांगों को वर्ल्ड ओलंपिक विंटर गेम्स में भाग लेने का अवसर प्रदान किया। डॉ. मल्लिका नड्डा ने वर्ष 2021 में स्पेशल ओलंपिक भारत के अध्यक्ष की जिम्मेदारी संभाली थी।

● सफलता...

## पुलिस ने पकड़ी नकली करंसी



**चिंतपूर्णी :** उत्तर भारत के प्रसिद्ध धार्मिक स्थल माता श्री चिंतपूर्णी के समीप थनिकपुरा गांव में पुलिस ने पंजाब नंबर की एक गाड़ी में से करीब 42400 की नकली करंसी बरामद करने में सफलता हासिल की है। गाड़ी में तीन लोग सवार बताए जा रहे हैं, जिन्हें पुलिस ने हिरासत में लेकर मामले को लेकर पूछताछ शुरू कर दी है। पुलिस में करेंसी को अपने कब्जे में लेने के साथ-साथ गाड़ी को भी जब्त कर लिया है। बरामद की गई नकली करेंसी के नोटों की डिटेल भी बनाई जा रही है। देशभर में चल रहे चुनावी माहौल के बीच इस तरह नकली नोटों का बरामद होना अपने आप में बड़े सवाल पैदा कर रहा है। बताया जा रहा है कि लोकसभा चुनाव की दृष्टिगत चिंतपूर्णी विधानसभा क्षेत्र में पुलिस टीम पैट्रोलिंग कर रही थी और उसी समय पुलिस को गुप्त सूचना मिली की एक पंजाब नंबर कार में सवार तीन लोग क्षेत्र की दुकानों में नकली करंसी चलाने का प्रयास कर रहे है। डीएसपी अंब बसुधा सूद ने मामले की पुष्टि करते हुए बताया कि पुलिस इस घटना की जांच में जुट गई है और यह जानने का प्रयास कर रही है कि नकली नोट कहां से लाए गए।

● जिंदा जलने से मौत..

*शिमला में एक व्यक्ति की जिंदा जलकर मौत हो गई। बताया जा रहा है कि जलते हुए हीटर पर गिरने से व्यक्ति की जान गई है। मृतक की पहचान कृष्ण कुमार निवासी कसुम्पटी के तौर पर हुई है। पुलिस ने शव का पोस्टमार्टम करवाकर परिजनों को सौंप दिया है और मामला दर्ज कर आगामी कार्रवाई शुरू कर दी है। कृष्ण कुमार शिमला के कसुम्पटी में किराये के मकान में रहता था। मूल रूप से मृतक मंडी का रहने वाला बताया जा रहा है। दोपहर बाद पुलिस को सूचना मिली कि कृष्ण कुमार अपने कमरे में मृत पड़ा है।*